दैनिक जागरण नई दिल्ली, 30 जुलाई 2019

www.jagran.com

# रानी की छतरी और तालाब के जीर्णोद्धार का काम शुरू



रानी की छतरी के जीर्णोद्धार के बारे में जानकारी देते इंटेक के फरीदाबाद-पलवल इंचार्ज आनंद महता। साथ हैं इंटेक सदस्य व उद्यमी जगत मैदान, जिप सदस्य अवतार सिंह सारंग • जागरण

**विधायक मूलचंद शर्मा ने शुरू कराया ऐतिहासिक स्थलों का काम, जीर्णोद्धार के काम पर खर्च होंगे 1.20 करोड़ रुपये**

जागरण संवाददाता, बल्लभगढ़: आखिर लंबे इंतजार के बाद नगर निगम ने रानी की छतरी और तालाब के जीर्णोद्धार का काम सोमवार को शुरू कर दिया। जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ विधायक मूलचंद शर्मा ने नारियल तोड़ कर किया। ये काम 1.20 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

रानी की छतरी और तालाब राजमार्ग के किनारे हैं। ये दोनों ऐतिहासिक स्थल पिछले एक दशक से भी ज्यादा लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। विधायक मूलचंद शर्मा ने छतरी और तालाब को फिर से पुराने स्वरूप में जिंदा करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल से अनुदान देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने विधायक की मांग पर 1.20 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए। बीच में रानी की छतरी के नगर निगम द्वारा जीर्णोद्धार करने पर पुरातत्व विभाग ने आपत्ति कर दी और नगर निगम से राशि को अपने पास मंगवा लिया। जब लंबे समय तक पुरातत्व विभाग ने जीर्णोद्धार का काम शुरू नहीं किया, तो विधायक ने ये राशि दोबारा पुरातत्व विभाग से नगर निगम को दिलवा दी। इस प्रक्रिया में करीब तीन वर्ष का समय बीत गया। अब नगर निगम ने ये जीर्णोद्धार काम शुरू कर दिया। ये कार्य जेके कंस्ट्रक्शन कंपनी करेगी। जीर्णोद्धार के कार्य को इंटेक फरीदाबाद और पलवल के इंचार्ज आनंद महता की देख-रेख में किया जाएगा।

सोमवार को जीर्णोद्धार के शुभारंभ अवसर पर विधायक के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, संस्था के सदस्य व उद्यमी जगत मदान, पार्षद दीपक यादव, हरप्रसाद गौड़, महिला पार्षदों के पतियों में बुद्धा सैनी, राकेश गुर्जर, जगत सिंह बूरा, जिला परिषद के सदस्य अवतार सिंह सारंग, अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता रवि शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे।